इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1830

8 दिसम्बर, 2011 को उत्तर के लिए

दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में हिंसा

1830. श्री तारिणी कांत राय:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के परिसर के भीतर नियमित और संविदा आधार पर कार्य करने वाले कर्मकारों के साथ बार-बार होने वाली हिंसा और हमलों की घटनाओं की जानकारी है;

(ख) क्या 10 सितम्बर, 2011 और 16 नवम्बर, 2011 को ऐसे हमले की घटनाएं हुई थीं;

(ग) क्या किसी जांच के आदेश दिये गये हैं;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) संयंत्र के भीतर कर्मकारों को सशस्त्र बदमाशों के हमलों से बचाने के लिए क्या कार्रवाई की गई है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सूचना दी है कि दिनांक 10 सितम्बर, 2011 और 16 नवम्बर, 2011 को संयंत्र परिसरों के भीतर ठेका कार्मिकों के दो समूहों के बीच लड़ाई झगड़े की छुटपुट घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में नियमित कर्मचारी किसी भी अवसर पर शामिल नहीं थे। सीआईएसएफ और जिला पुलिस प्राधिकारियों के तुरंत हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया था।

(ग) और (घ): दिनांक 10 सितम्बर, 2011 और 16 नवम्बर, 2011 को हुई दोनों घटनाओं में प्रथम सूचना रिपोर्टें (एफआईआरएस) पुलिस के पास दर्ज कर ली गई हैं। पुलिस प्राधिकारी मामले की जांच करने में प्रक्रियारत हैं।

(ड.): संयंत्र के भीतर किसी भी सशस्त्र बदमाश के उपस्थित होने की सूचना नहीं है। तथापि, संयंत्र के भीतर बेहतर सुरक्षा के लिए और संयंत्र के कार्यों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन द्वारा कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

****